राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

बाल दिवस पर राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की शुभकामनाएं

बच्चों को आगे बढ़ने के लिए राज्यपाल का आशीर्वाद

जयपुर, 13 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बाल दिवस पर, बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं और निरंतर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया है।

श्री मिश्र ने अपने संदेश में कहा है '' हमें अपनी भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव कदम उठाने चाहिए। हमारा कर्तव्य है कि बच्चों को सुरक्षित और खुशनुमा वातावरण प्रदान करें। यह सुनिश्चित करना होगा कि हर बच्चे को समुचित शिक्षा और पोषक आहार मिले। देश के नौनिहालों को सफाई व स्वास्थ्य के प्रति सावचेत करते रहें। बच्चों के लिए खुशहाल माहौल तैयार करने में सभी लोग अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। ''

—

शहर के बच्चे राज्यपाल के साथ राजभवन में मनायेंगे बाल दिवस

राज्यपाल ने की पहल बच्चों से मिलने की

जयपुर, 13 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र और राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र की पहल पर राजभवन में जयपुर शहर के बच्चे बाल दिवस मनायेंगे।

दिव्यांग विद्यालय, अनाथालय, विभिन्न स्वर्धाओं में चयनित और शहर के राजकीय व निजी विद्यालयों के बच्चे गुरूवार को प्रातः 10 बजे राजभवन आयेंगे। राज्यपाल श्री मिश्र बच्चों से बात करेंगे। उन्हें आशीर्वाद और टॉफी देंगे। बच्चें राजभवन में घूमेंगे।

—

राज्यपाल ने दुःख जताया – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बीकानेर में पलावा रेलवे क्रॉसिंग पर हुए हादसे में सात लोगों की दर्दनाक मृत्यु और जोधपुर में भांडियावास गांव की सरहद पर हुई दुर्घटना में तीन युवाओं की मौत पर गहरा दुःख जताया है। राज्यपाल श्री मिश्र ने दिवगंत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए परमात्मा से प्रार्थना की है।

राज्यपाल ने शहादत को किया सलाम – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राजसंमद के श्री शिवपाल सिंह की शहादत को सलाम किया है। राज्यपाल श्री मिश्र ने दिवगंत आत्मा की शांति और संतप्त परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए परमात्मा से प्रार्थना की है।

— — —

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल